卐 श्री सदगुरू देवाय नम:卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 331 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦12 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## छत की रेलिंग गिरने से कई श्रद्धालु घायल

### तड़के जागरण के दौरान खड़कपुर देवीपुरा में हुआ हादसा, घायलों कई श्रद्धालुओं की हालत गंभीर

काशीपुर(उद संवाददाता)। तड़के जागरण के दौरान छत की रेलिंग गिरने से मासूम बच्ची समेत दर्जनों लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय समेत कुछ निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना के घटते ही मौके पर अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। घायलों में आधा दर्जन से अधिक लोगों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक गुरूवार तड़के आईटीआई थाना पुलिस को डायल 112 से सूचना मिली कि खड़कपुर देवीपुरा में सत्यम पैलेस के






सामने एक मकान की रेलिंग गिरने के कारण मलबे में कुछ लोग दब गए हैं। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली वह तत्काल मौके पर पहुंच गई। प्रथम दृष्टया जांच में पुलिस को पता चला कि यह मकान अशोक पुत्र नारायण सिंह का है। लोगों ने बताया कि घर के सामने गली में माता का जागरण चल रहा था। जागरण समाप्त होने के बाद प्रसाद बंट रहा था कि तभी उनके मकान के छत की रेलिंग टूट कर नीचे गिर गई, जिसमें वहां मौजूद दर्जनों लोग घायल हो गए। चीख पुकार मचने पर मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घायलों को तुरंत थाने की 112 मोबाइल की गाड़ी एवं अन्य वाहनों से राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। घायलों में कुछ की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मलबे की चपेट में आकर घायल हुए लोगों में मिथिलेश पत्नी सुनील कुमार उम्र 35 वर्ष निवासी सुल्तानपुर पट्टी, स्वाति पुत्री नरेश निवासी चांदपुर (शेष पृष्ठ सात पर)

## नफरती भाषण देने पर महंत यति रामस्वरूपानंद गिरी के खिलाफ केस दर्ज

देहरादून (उद संवाददाता)।नफरती भाषण देने के मामले में शिव शक्ति धाम डासना गाजियाबाद के महंत यति रामस्वरूपानंद गिरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। डालनवाला थाने में मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि यह भाषण महंत ने प्रेस क्लब में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि नफरती भाषण देने का एक वीडियो वायरल हो रहा था। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस ने इस वीडियो का स्वत: संज्ञान लिया और जांच कराई। जांच में पाया गया कि यह वीडियो शिव शक्ति धाम डासना गाजियाबाद के महंत यति रामस्वरूपानंद गिरी का है। वह पिछले दिनों प्रेस क्लब देहरादून में पत्रकार वार्ता करने पहुंचे थे। उन्होंने समुदाय विशेष के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस प्रकरण में उप निरीक्षक देवेंद्र गुप्ता की शिकायत पर डालनवाला थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसी किसी भी पोस्ट जो कि धर्म, जाति, क्षेत्र के आधार पर समाज में वैमनस्य फैलाने का काम करती है, को वायरल न करें। पुलिस लगातार ऐसी पोस्ट की निगरानी कर रही है। ऐसे में इस तरह की पोस्ट को वायरल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

## नग्न अवस्था में युवक का शव मिलने से सनसनी

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 16 में युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से



सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची किच्छा कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरूवार सुबह किच्छा के वार्ड 16 विकास कॉलोनी स्थित चारे के खेत में नग्न अवस्था में वार्ड वासियों द्वारा एक युवक की नग्न अवस्था में युवक के शव को देखा जिसकी सूचना कोतवाली



पुलिस को दी गई सूचना पर वार्ड और आस पास के तमाम लोग एकत्र हो गए जिन्होंने मृतक की पहचान मुकेश पुत्र भगवान दास निवासी वार्ड नंबर 16 उम्र 28 वर्ष के रूप में की। आनन फानन में परिजनों द्वारा मुकेश को सरकारी अस्पताल किच्छा में लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद से किच्छा कोतवाली पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध पति ने किया बखेड़ा

हल्द्वानी(उदसंवाददाता)। कहासुनी के बाद पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध पति ने शराब के नशे में जमकर हंगामा किया। उसने पहले तो जमकर शराब पी और फिर कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसकी सूचना पर पत्नी पहुंची तो घर की महिलाओं के बीच कहासुनी हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर मामला शांत कराया। जानकारी के अनुसार सुनार कॉलोनी मुखानी निवासी कमल का बीते दिवस अपनी पत्नी कमला के साथ किसी बात (शेष पृष्ठ 7 पर)

## अनियंत्रित ट्रक डिवाईडर पर चढ़ा,चालक गंभीर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गत रात्रि काशीपुर बाईपास रोड़ पर तेज गति से जाता ट्रक अनियंत्रित होकर बालाजी द्वार के पास सोड़ के मध्य डिवाईउर पर जा चढ़ा। इस दुर्घटना में ट्रक चालकम गंभीर रूप सेघायल हो गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल चालक को उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवाया और ट्रक क्रेन की मदद से डिवाईडर से हटाकर अपने कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार गत रात्रि ट्रक संख्या यूके 04 सीए 6814का चालक काशीपुर से सरिया आदि सामान लेकर हल्द्वानी की ओर जा रहा था। काशीपुर मार्ग पर वह ट्रक को इन्द्रा चौक से न



ले जाकर जल्दी पहुंचने चक्कर में काशीपुर बाईपास रोड़ से निकलने लगा। जछीबाजी में वह ट्रक पर से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक अनियंत्रित होकर बालाजी द्वार के पास डिवाईडर पर जा चढ़ा। इस दुर्घटना में ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया और चालक को गंभीर चोटें आ गईं। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल चालक को उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवाया और ट्रक क्रेन की मदद से डिवाईडर से हटाकर अपने कब्जे में लिया।

## बहु ने ससुर के खिलाफ दर्ज कराया छेड़छाड़ का केस

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक महिला ने अपने ही ससुर पर छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सौंप तहरीर में ग्राम कपकोट बरहेनी बाजपुर उधम सिंह नगर निवासी महिला ने कहा है कि उसका विवाह 2014 में मधुबन कॉलोनी मुखानी निवासी एक व्यक्ति से हुआ था तब से ही पति उसके साथ मारपीट करता था जिससे तंग आकर वह 2019 में अपने मायके चली गई और तब से ही वह अपने मायके में रह रही है। पीड़िता का कहना है कि वह अपना भरण पोषण के लिए ज्वेलर्स शोरूम पर कार्य करती है। पीड़िता का कहना है कि जब वह शोरूम से छुट्टी के बाद अपने कमरे की ओर जाने के लिए निकलती है तो उसका ससुर वीरेंद्र उसका पीछा करता है और उसके साथ छेड़छाड़ करता है। उसका कहना है कि वह 10 सितंबर को अपनी सहकर्मी के साथ छुट्टी के बाद अपने कमरे की ओर जा रही थी। तो उसने देखा कि उसका ससुर शोरूम के बाहर खड़ा है जैसे ही वह अपने कमरे की ओर जाने लगी तो उसके ससुर ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया जब ससुर से पूछा तो उसने उसके साथ में छेड़छाड़ करना शुरू कर दी। पीड़िता कहना है कि वह किसी तरह से श्रम विभाग वाली गली में पहुंची तो उसका ससुर भी वहीं पहुंच गया और उसको पकड़ कर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा यह देख उसने शोर मचा दिया इतने में ही उसके स्टाफ के लोग वहां पहुंच (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा की सांसद,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा का शहर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत



किया। समर्थकों के साथ पहुंचे भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने उनका बुके देकर स्वागत किया और भाजपा सदस्यता अभियान संबंधी चर्चा भी की। गुरूवार को भाजपा नेता चुघ अपने समर्थकों के साथ किच्छा रोड स्थित होटल में पहुंचे और सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वर्मा का भव्य तरीके से स्वागत किया। इस दौरान चुघ ने आश्वासन दिया कि कें द्रीय नेतृत्व द्वारा संचालित भाजपा सदस्यता अभियान का लक्ष्य शत प्रतिशत रहेगा। जिसके लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया गया है। इसके अलावा केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को लेकर जनता के मध्य भी टोली ब नाकर प्रचार किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कहा कि जिला,नगर एवं ब्लाक कार्यकारिणी आपसी स माजस्य बनाकर सदस्यता अभियान में तेजी लाए और चुघ को भी भाजपा सांसद ने प्रोत्साहित किया। इस मौके परइस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल अमित नारंग रामपाल अनिल चौहान उपेंद्र चौधरी तरुण दत्ता राकेश सिंह विराट कोहली अमित गोड शिव कुमार शिव्वु सनी पासवान आदि लोग मौजूद रहे।

आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

बम्पर धमाका सेल बम्पर धमाका सेल
हर कम्पनी का माल कम्पनी से कम रेटों पर
1 से 15 सितम्बर 2024 तक
30 % से 50 % तक की भारी छूट
हॉकिन्स, युनाइटिड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी के कूकर पर 45% तक विशेष छूट
बोरोसिल,मिल्टन सहित कई कम्पनियों की बोटल्स, कप-प्लेट सहित क्राकरी के सामान पर भारी छूट
हर प्रकार की खरीदारी पर भारी छूट पाये,जल्दी आये और लाभ उठाये
आपके शहर की सबसे पुरानी दुकान 1975 से आपकी सेवा में अब नये पते पर तीन मंजिल शो रूम में पहुंच गई है।
गोल्डन एजेन्सीज
178,सिद्धू पैलेस वाली गली,आवास विकास,रूद्रपुर

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

सितारगंज/गदरपुर/किच्छा (उद संवाददाता)। वक्फ बोर्ड बिल में संशोधन के खिलाफ मुस्लिम समाज के लोगों ने एसडीएम कार्यालय जाकर उप जिला अधिकारी रविंद्र कुमार जुवांठा के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। गुरुवार को क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि केंद्र सरकार वक्फ एक्ट में संशोधन का प्रयास कर रही हैं। संशोधन बिल जब से पार्लियामेंट में पेश किया गया है तब से मुस्लिम समुदाय के बीच तकलीफ और बेचौनी का माहौल है। वक्फ संपत्ति केवल खुदा की मानी जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संशोधन बिल पेश करने से पहले मुस्लिम तंजीम, कानून के जानकारों, इस्लामी स्कॉलर और उलेमा से किसी तरह का मशविरा नहीं लिया गया। जिससे केंद्र सरकार की नीयत पर सवाल खड़े हो रहे हैं। समुदाय के लोगों ने बताया कि मुस्लिम बुजुर्गों ने खुद की संपत्ति इसलिए वक्फ कराई थी कि उनसे होने वाली आय से गरीब यतीम और मिस्कीन लोगों की मदद हो सके। जबकि संशोधन बिल पास होने से वक्फ की संपत्तियों पर नाजायज कब्जे का रास्ता खुलेगा। इस मौके पर सैयद आसिफ मियां, हाजी समसुल हक मलिक, मौलाना सलीम रिजवी, कारी रहीस, मो समीर, शहवाज, चांद आदि मोजूद थे। **गदरपुर।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर मुफ्ती जनाबे आलम व प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। बृहस्पतिवार को मुफ्ती जनाबे आलम व शराफात अली मंसूरी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोग तहसील पहुंचे और बताया कि वक्फ बोर्ड के साथ संशोधन बिल पार्लियामेंट में पेश किया गया है जिसको लेकर मुस्लिम समाज में रोष है और मुस्लिम समाज इस बिल का विरोध करता है जिससे संबंधित एक ज्ञापन तहसीलदार महोदया के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को भेजा। ज्ञापन में बताया कि केंद्र सरकार वक्फ एक्ट 2013 में तकरीबन 40 संशोधन के साथ नया वक्फ संशोधन बिल 2024 पार्लियामेंट में पेश कर चुकी है यह बिल



पार्लियामेंट में विपक्ष के बड़े हंगामे के बाद संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी को भेज दिया गया है यह संशोधन बिल जब से पार्लियामेंट में पेश किया गया है इसे लेकर भारत के मुसलमान में बहुत बेचौनी, तकलीफ और गहरा रोष है ज्ञापन में बताया गया कि यह संशोधन बिल पेश करने से पहले किसी भी मुस्लिम तंजीम, कानून के जानकार, इस्लामी स्कॉलर, उलेमा और मसाईख से किसी तरह कोई मशवरा नहीं लिया गया। अब बताया गया कि जॉइंट पार्लियामेंट कमेटी ने इस बिल पर अप्पति (एतराज) तलब किए हैं और उधम सिंह नगर के मुसलमान इस वक्फ संशोधन बिल का पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि इस बिल को केंद्रीय हुकूमत वापस ले। वक्फ एक्ट 2013 ही यथावत बहाल रखा जाए। इस दौरान जाने आलम, नाजिर,असीम, जमील अहमद, अफजाल आदि मौजूद रहे। **किच्छा।** वक्फ बोर्ड के कानून में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे संशोधन के समर्थन के सम्बन्ध में भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष विवेक राय एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता संजीव सिंह के नेतृत्व में एक ज्ञापन भारत के महामहिम राष्ट्रपति को उप जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया और जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में ज्ञापन तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी को सौपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र सरकार के द्वारा वक्फ बोर्ड के कानून में संशोधन को लेकर सरकार द्वारा लाये गए बिल का हम सभी लोग समर्थन करते हैं। यह संशोधन राष्ट्रहित में है। आम मुस्लिम, गरीब मुस्लिम महिलायें, तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के बच्चे, शिया और बोहरा जैसे समुदाय लम्बे समय से इस कघनून में बदलाव की मांग कर रहे थे। इन लोगों का कहना था कि वक्फ में आज आम मुसलामानों की जगह ही नहीं है। वक्फ बोर्ड के रेवेन्यू पर भी सवाल उठाया जाता रहा है। इस संशोधन से गरीब अल्पसंख्यकों को समानता का अधिकार मिलेगा, वक्फ बोर्ड के रेवेन्यू का आंकलन हो सकेगा और वक्फ बोर्ड किसी भी संपत्ति पर बिना सत्यापन के आधिपत्य घोषित नहीं कर सकेगा। इस अवसर पर ज्ञापन देने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वख की नियमावली में जो संशोधन किया जा रहा है उसका सीधा लाभ आम मुस्लिम गरीब परिवारों को मिलेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह एवं पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष विवेक राय के अलावा विज्ञापन देने वालों में देवेंद्र शर्मा, गोल्डी गोराया ,राजू रितिक ,गुलशन आदि लोग मौजूद थे।





# चिकित्सालयों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जन स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता है इसलिए चिकित्सालयों में सभी सुविधाएं व औषधियां उपलब्ध करायी जायें साथ ही चिकित्सालयों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए, यह निर्देश मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में उप जिला चिकित्सालय खटीमा चिकित्सा प्रबन्धन समिति की बैठक लेते हुये दिये। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद के सभी चिकित्सालयों का निरीक्षण कर चिकित्सालयों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। चिकित्सा प्रबन्धन समिति द्वारा उप जिला चिकित्सालय के लिये 16 प्रस्ताव अनुमोदित कर मुख्य कोषाधिकारी से परीक्षण हुए खरीद वित्तीय मानकों के अनुसार करने के निर्देश दिये ताकि वित्तीय अनियमितता न हो सके। समिति द्वारा चिकित्सालय के ऑक्सीजन पाईप लाईन की मरम्मत हेतु 1.5 लाख, सिटी स्कैन मशीन के संचालन हेतु थर्मल हैड, बैटरी, एसी आदि क्रय करने के लिए 5 लाख, एक्सरे के संचालन हेतु फिल्म कैसेट की खरीद के लिए 60 हजार, सुरक्षा



व्यवस्था हेतु अग्निशमन यंत्र हेतु 1.1 लाख, मेडिकल वार्ड, औषधी भण्डर, एक्सरे रूम व ओटी के लिए 3.85 लाख, बिजली भुगतान हेतु 18 लाख, दो एंबुलेंस की सर्विस हेतु 85 हजार व जरनेटर हेतु 30 हजार, फोर सीलिंग एलईडी बल्ब लगाये जाने हेतु 40 हजार, बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल हेतु 75 हजार, आरो सिस्टम मरम्मत हेतु 28 हजार, आवश्यक औषधी क्रय हेतु 65 हजार प्रतिमाह, लैब केमिकल क्रय हेतु 50 हजार प्रतिमाह, एक्सरे फिल्म हेतु 50 हजार, एम्बुलेंस संचालन हेतु 20 हजार, जरनेटर संचालन हेतु 40 हजार, स्टेशनरी हेतु 2.1 लाख, सीआरएम मशीन मरम्मत हेतु 1.35 लाख, दैनिक श्रमिकों के भुगतान हेतु 10 लाख तथा बजट उपलब्धता पर 6 पीआरडी जवान सुरक्षा हेतु अनुमोदन दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि उपकरणों के क्रय वित्तीय मानकों के अनुसार किया जाए। उन्होने सीएमओ को निर्देश दिये कि जनपद के सभी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अपने चिकित्सालयोंहेतु वार्षिक बजट वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में ही अनुमोदित कराना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने सीएमएस को मरीजों से चिकित्सालय व्यवस्था व उपचार के फीडबैक लेने के भी निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केसी पंत, एसीएमओ डॉ0 हरेन्द्र मलिक, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी विनय प्रताप सिंह, चीफ फार्मासिस्ट हरिश्चन्द्र सती आदि मौजूद थे।

# ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ किया सचिवालय कूच

देहरादून(उद संवाददाता)।उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रेमिक संघ की एक सूत्रीय मांग ठेकेदारी प्रथा को हटाकर उसे सेवायोजन पोर्टल में समायोजित करने का पूर्ण समर्थन करते हुए संघ ने सचिवालय कूच में आम आदमी पार्टी की देहरादून महानगर और देहरादून (परवादून) इकाइयों ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में प्रतिभागिता कर पुष्कर सिंह धामी सरकार से तत्संबंध में तत्काल



कार्यवाही करने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश सचिव डॉ. शोएब अंसारी, प्रदेश संयुक्त सचिव श्याम लाल नाथ, देहरादून महानगर अध्यक्ष शरद जैन, देहरादून परवादून जिलाध्यक्ष अशोक सेमवाल, देहरादून महानगर उपाध्यक्ष सुशील सैनी, महानगर महासचिव जितेन पंत, महानगर सचिव चौधरी रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ नेता कासिम चौधरी, सुशांत थापा, सी.पी. सिंह, भरत थपलियाल, यामिनी आले, राजेश, शुभम कुमार, पंकज यादव, संजय कुमार आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# हम रायता बनाना, खिलाना और समेटना भी जानते हैं : हरदा

## पूर्व सीएम हरीश रावत ने पत्रकारों को खिलाया पहाड़ी हरी ककड़ी का रायता: राज्य में चरम पर पहुंच गया है भ्रष्टाचार

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम हरीश रावत ने अपने आवास पर आयोजित रायता पार्टी में भ्रष्टाचार, महिला अपराध और गरीबों पर हो रहे अत्याचार के मुद्दों पर भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर कई सवाल उठाये है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा हम रायता बनाना, खिलाना और समेटना जानते हैं लेकिन भाजपा सिर्फ रायता बिखेरना जानती है। आज भाजपा नेताओं को राहुल गांधी का फोबिया हो गया है। अपने झूठ पर पर्दा डालने के लिए भाजपाई राहुल की हर बात पर बयानबाजी कर रहे हैं। बुधवार को डिफेंस कॉलोनी स्थित आवास पर पूर्व सीएम ने अपने पैतिक गृह क्षेत्र अल्मोड़ा की पहाड़ी हरी ककड़ी की रायता पार्टी के दौरान मीडिया से बातचीत की। इइस दौरान पूर्व सीएम ने मीडिया के कई सवालों के जवाब देते हुए भाजपा सरकार पर पलटवार किये। कहा, अमेरिका दौरे पर राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय विवि में एक छात्र के आरक्षण के सवाल का जवाब दिया। इस पर भाजपा रायता फैला रही है। राहुल गांधी ने अपने जवाब में देश की संविधान सभा में डॉ. भीम राव आंबेडकर के भाषण को ही दोहराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा नेता लोगों के सवाल से भागे रहे हैं। राज्य में महिलाओं, पिछड़े, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं के यौन शोषण में कई दर्जाधारियों को सरकार बचा रही है। हरीश रावत ने कहा, कांग्रेस को आरक्षित विधानसभा सीटों पर हार मिल रही है। दिसंबर माह में प्रदेश के गंगोलीघाट, सोमेश्वर, बागेश्वर, पुरोला, नैनीताल, पौड़ी, राजपुर, घनसाली विधानसभा के दुर्गम क्षेत्रों का भ्रमण करूंगा। इन क्षेत्रों का विकास देखने के साथ ही लोगों से बातचीत कर हार के कारणों को जानने का प्रयास करुंगा। कांग्रेस ने अपने शासन में इन क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दी कांग्रेस सरकार के समय की योजनाओं की तह तक जाऊंगा। साथ ही भाजपा सरकार के समय की भ्रष्टाचार पोथी भी तैयार करूंगा। हरीश रावत ने कहा कि सदन में सरकार गिराने की साजिश की बात सामने आई थी। जिसमें 500 करोड़ से सरकार गिराने का आरोप गुप्ता बंधुओं पर लगाए गए। ये गंभीर आरोप हैं। सीएम धामी ने गुप्त एजेंसियों से जांच कराने की बात कही। सीएम को बताना चाहिए क्या जांच हुई। विधानसभा अध्यक्ष को भी आरोपों की जांच के लिए संयुक्त कमेटी बनानी चाहिए। उन्होंने प्रवर समिति बनाने को चुनाव टालू समिति बताया है। वहीं पूर्व सीएम ने कहा, जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के विभाग उद्यान, सैन्य धाम, पीएमजीएसवाई में भ्रष्टाचार के मामले सामने आए। जो भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के प्रतीक है। साथ ही देहरादून में नदी खालों के मालिक बन गए हैं।







# नगला में जियोग्राफिकल सर्वे ऑफ इंडिया करेगी वन भूमि का सीमांकन

## नगला क्षेत्र के 738 परिवारों की समस्या के समाधान हेतु मंत्री मंडलीय उप समिति का फैसला



देहरादून/पंतनगर(उद संवाददाता)। नगला नगर पालिका क्षेत्र में बसे हुए 738 परिवारों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए जनता की मांग पर मंत्री मंडलीय उप समिति ने वन मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में वन क्षेत्र एवं पीडब्ल्यूडी क्षेत्र व अन्य विभागों के संयुक्त जांच कमिश्नर कुमाऊं की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा ज्योग्राफिकल सर्वे आफ इंडिया की तकनीकी समिति से निर्धारित की जाएगी तथा इस कार्य को दो-तीन माह में तय करना होगा। ज्ञात हो कि मंत्री मंडलीय उपसमिति के सदस्य मंत्री सौरभ बहुगुणा से किच्छा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कुछ दिनों पूर्व मांग की थी कि नगला के संबंध में डाली गई पीआईएल में पीडब्ल्यूडी, वन विभाग द्वारा विधि अनुरूप सही पैमाइश नहीं की गई तथा पीडब्ल्यूडी ने स्टेट हाईवे के मध्य से दोनों और अपनी भूमि को नहीं नापा जिससे कई विसंगतियां उत्पन्न हो गई हैं और इसी कारण वन भूमि का सीमांकन भी प्रभावित हो रहा है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की पहल पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल में आज वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार सचिवालय देहरादून में बैठक आहूत की जिसमें मंत्री सुबोध उनियाल (अध्यक्ष), सौरभ बहुगुणा (सदस्य मंत्री परिषद उप समिति), प्रदीप पंत सचिव न्याय, आरके सुधांशु सचिव वन, ए के पांडे सचिव राजस्व/ कृषि आरके श्रीवास्तव अपर सचिव राजस्व एवं वन, राजस्व, लोक निर्माण विभाग के आधा दर्जन से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों एवं नगला की जनता की ओर से पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, नारायण सिंह अरमोली, हरीश जोशी, एडवोकेट पियूष पंत, एडवोकेट नवीन रजवार एवं अन्य लोगों उपस्थित थे। बैठक में नगला की ओर से तर्क रखा गया कि लोक निर्माण विभाग ने सन 1966 में एक नोटिस देकर सड़क के मध्य से दोनों और 50 फुट-50 फुट सड़क का निर्धारण करते हुए कब्जे हटाए किंतु आज लोक निर्माण विभाग सड़क के एक ओर ही सौ फुट पर क्लेम कर रही है जो गलत है, इसी प्रकार वन भूमि का निर्धारण भी फिक्स पॉइंट से नहीं किया गया है। सभी के विचार विमर्श के बाद मंत्री मंडलीय उप समिति ने यह निर्णय लिया कि नगला में वन भूमि के सीमांकन के लिए ज्योग्राफिकल सर्वे आफ इंडिया की विशेषज्ञ समिति से नाप कराई जाएगी तथा इसमें लोक निर्माण विभाग, वन एवं अन्य विभाग में संयुक्त रूप से शामिल होंगे एवं इसकी अध्यक्षता कुमाऊं कमिश्नर करेंगे तथा यह समिति तीन माह में अपनी रिपोर्ट देगी तद्नुसार आगे कार्यवाही होगी।

# सिक्स सिग्मा के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के बी.फार्म. तृतीय वर्ष एवं बी.एस.सी. एग्रीकल्चर प्रथम वर्ष के छात्रों ने उत्तराखंड काउंसिल फॉर बायो टेक्नोलॉजी में औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन रजत धवन (ट्रैनिग एंड प्लेसमेंट हेड) की देखरेख में किया गया। औद्योगिक भ्रमण करने का मुख्य उद्देश्य छात्र- छात्राओं को संस्थागत ज्ञान के अतिरिक्त औद्योगिक



क्षेत्र की जानकारी देना था। उत्तराखंड काउंसिल फॉर बायो टेक्नोलॉजी विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक जैव सम्पदा पर शोध कार्य करती है । छात्रों का औद्योगिक भ्रमण संस्थान के विभागाध्यक्ष डा. कंचन कार्की द्वारा कराया गया। इस भ्रमण से छात्रों ने आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जिसमें ईशा तथा सिमरन बी. फार्म तृतीय वर्ष की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।छात्र-छात्राओं के भ्रमण का सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्थान की अध्यापक सौमेंद्र सिंह एवं नेहा मण्डल के निर्देशन में हुआ।

# कृमि मुक्ति दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत



न्यूट्रिशन कार्यक्रम के तहत को कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एन.एस.एस. के स्वयंसेवियों के साथ-साथ अन्य संकायों के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. कमल किशोर पांडे ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कृमि से होने वाले नुकसान एवं उसके बचाव के विषय में विस्तार से छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि हम स्वच्छता और जागरूकता अभियान चलाकर इस प्रकार के संक्रमण से न केवल अपना अपितु अपने आस-पड़ोस और समाज का भी बचाव कर सकते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सैनी ने कहा कि कि इस जागरूकता कार्यक्रम को केवल अपने तक सीमित न रखकर अपने परिवार एवं आस पड़ोस तक विस्तारित करने हेतु छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. खेमकरण सोमन, डॉ. ललित कुमार, निशा गौला, सिया, जसविंदर सिंह, खुशी शर्मा, सौरभ, अभिषेक, सूरज सैनी, सलोनी, आकाश सागर, सिमरन, इल्मा अंसारी, और ईशा आदि उपस्थित रहे।

# गणेश उत्सव में मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूदपुर(उद संवाददाता)। शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित गणेश चतुर्थी के कार्यक्रमों में पहुंचकर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और धार्मिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया स इससे पूर्व श्रीमती शर्मा गांधी कॉलोनी में आयोजित गणेश महोत्सव कार्यक्रम में पहुंची, जहां उन्होंने विशेष रूप से मंगलवार को रात्रि आयोजित श्री खाटू श्याम जागरण में भी प्रतिभाग किया, यहां भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना के बाद प्रतिदिन पूजा आयोजित की जा रही है स इधर श्री वैष्णो मंदिर गांधी कॉलोनी में भी गणेश महोत्सव के विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, बुधवार को सुबह मंदिर प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, और उसके पश्चात गणेश प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम धूमधाम के साथ किया गया ।इस अवसर पर श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने भी हवन यज्ञ में प्रतिभाग किया,और भगवान



गणेश की पूजा अर्चना की,मंदिर कमेटी द्वारा श्रीमती शर्मा को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। इसके पश्चात श्रीमती शर्मा रमपुरा स्थित काली मंदिर, शनि मंदिर, दुर्गा मंदिर,सहित सुभाष कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, जगतपुरा, खेड़ा, आदि क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में भी गई, जहां उन्होंने भगवान गणेश की पूजा की, और आरती में प्रतिभाग किया स इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, पप्पू कोली,अरविंद वर्मा, मुकेश कुमार, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे ।

# चित्रकला में पीहू,अनन्या और प्रियंका ने मारी बाजी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वैश्य महासभा द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम के पंचम दिवस पर स्वर्गीय श्रीमती कांता देवी एवं पूरनमल अग्रवाल की स्मृति में पूरन एण्ड संस परिवार द्वारा प्रायोजित पर्यावरण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न हुयी। जिसमें सैंकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग कर अपनी तूलिका से चित्रों को चित्रित किया। कार्यक्रम संयोजक अशोक वार्ष्णेय ने



बताया कि वैश्य महासभा द्वारा बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने के लिये प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सब जूनियर ग्रुप में पीहू गौड़ प्रथम, अनिका गुप्ता, द्वितीय, बुशरा तृतीय रही। सांत्वना पुरस्कार अमित कुमार, हिरण्या सागर, मैत्री पांडे, अनन्या, अवनी जोशी को दिया गया। जूनियर ग्रुप में अनन्या अग्रवाल प्रथम, रोहित चौहान, द्वितीय, ओजस्वी अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। सांत्वना पुरस्कार के लिये निकिता विष्ट, प्रतीक साहू, सुभांशु गुप्ता, चाहत साहू, हर्षिता भट्ट को मिला। सीनियर ग्रुप में प्रियंका करायत प्रथम, मानसी पाल द्वितीय, केसर जायसवाल तृतीय रही। सांत्वना पुरस्कार श्रद्धा देवल, इशिका राणा, यथार्थ माहेश्वरी, दीक्षा पंत, चंदन को पुरस्कृत किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक अनीता शर्मा, प्रियंका जोशी रहीं।

# महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं बाल विलास मजदूर उत्थान समिति द्वारा प्रीत बिहार फाजलपुर महरोला में बेरोजगार महिलाओ को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला उद्योग केंद्र से सीएस नेगी ने उद्यघमिता के बारे में जानकारी दी रोजगार के लिए आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। नन्ही दुनिया शोशल वेलफेयर सोसायटी की मास्टर ट्रेनर गुजन पवार द्वारा सिलाई प्रशिक्षण दिया जायेगा। 21 दिवसीय प्रशिक्षण में 30 से 50 महिला को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जायेगा। अंत में सस्था सचिव उमेश कुमार ने समस्त महिलाओ की उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान कांग्रेस नेत्री



मीना शर्मा, मोनिका ढाली, निवर्तमान पार्षद बबलू सागर, माही अरोरा, गया एवं प्रदेश कोगेश कमिटी की महिला मोची की उपाध्याक्षा श्रीमती मीना शर्मा को ग्रेश पार्ट की महिला मोर्च की महा नगर अध्यक्ष मोनिका ठाली व रविन्द्र के पार्षद बबल सागर जी माही अरोरा, सारीना मिश्रा, बीके सिंह, सिमरन को, मुस्कान कोली, सपना कोली, पूजा को, सुनीता को, मिनाक्षी को, मिश्नी कोली, शीतल कोली, सपना को, चचल कोली, आरती ग्रोवर, गीता, भारती, सुमन, रोशनी कोली, सगीता वाल्मीकि, ज्योती, राखी, पूनम, शीला, कमला कोली, रजना, दिव्या , मुस्कान, करीना, जूली, नेहा, पलक, दिव्यांशी, सेजल, खुशी, सपना, सरोज, सीता, रीता आदि मौजूद थे।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वैदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# बंदीगृह से रेप का आरोपी फरार

चंपावत (उद संवाददाता)। महिला के साथ दुष्कर्म का आरोपी एक मुल्जिम न्यायिक बंदीगृह से फरार हो गया। जिससे पुलिस महकमे में हड़कम्प मचा है। आरोपी मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है। पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में जुटी है। प्राप्त जाकनारी के अनुसार 27 अगस्त 2024 को चौकी चल्थी, कोतवाली चम्पावत क्षेत्रान्तर्गत शंकर लाल चौधरी पुत्र विपत लाल चौधरी, निवासी ग्राम धर्मपुर, थाना सिसैया, नगर पालिका बेटकोट, महेंद्र नगर, जिला कंचनपुर नेपाल के खिलाफ एक महिला के साथ बलात्कार करने के आरोप में कोतवाली चम्पावत में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को न्यायीक हिरासत में न्यायिक बन्दीगृह लोहाघाट भेजा गया था। गुरूवार को शंकर लाल चौधरी न्यायिक बन्दीगृह से फरार हो गया। जिससे पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें लगायी गयी।

# अशोक बाठला के निधन पर शोक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वीरेन्द्र सुखीजा के प्रतिष्ठान पर आयोजित एक शोक सभा में समाजसेवी राजकुमार बठला के बड़े भाई अशोक बाठला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। शोक व्यक्त करने वालों में नरेश सेठ, अनिल सुखीजा, मान सिंह ग्रोवर, वीरेन्द्र सुखीजा, वेद प्रकाश शर्मा, वीनू गुम्बर, अपार सिंह बेदी, हंस बाबू, यशपाल घई, पाल सिंह गाबा आदि उपस्थित थे।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाथ श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# भव्य शोभा के साथ किया गणपति विसर्जन





रूद्रपुर/रामनगर/हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार स्थित श्री दुर्गा मंदिर में गत 7 सितम्बर को गणेश चतुर्थी पर स्थापित श्री गणपति जी महाराज की प्रतिमा का गत दिवस सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा भव्य शोभा यात्रा के साथ विसर्जन किया गया। गत दिवस श्रद्धालुओं द्वारा श्री गणपति जी महाराज को टीका लगाया गया और उनकी पूजा अर्चना की गई। तत्श्चात प्रतिमा को मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो मुख्य बाजार, भगत सिंह चौक, गल्ला मंडी पहुंची जहां मां भगवती ट्रेडिंग कम्पनी के स्वामी दीपक छावड़ा ने परिजनों के साथ शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत कर प्रसाद वितरित किया। जिसके बाद प्रतिमा को गूलरभोज डाम ले जाया गया जहां विधि विधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान रेनू अरोरा, गुरूशरण बब्बर, किशन नारंग, देवेंद्र कुकरेती, श्याम मदान, प्रदीप मदान, अंकुर नारंग, कार्तिक, गुलशन गोयल, दिनेश गुप्ता, सुमन अरोरा, नीलम, अंजू, मंजू गाबा, मनोरमा, कंचन, सुमन धीर, चेतन धीर, कृष्ण धीर, संदीप धीर, वर्षा, कोनिका, कविता, विकास शर्मा, सुनील ठुकराल, संजय जुनेजा, मनोज छावड़ा, संदीप राव, विद्या विरमानी, हरीचन्द छावड़ा, मिंटू बांगा, संजय अग्रवाल, कस्तूरी लाल गुगलानी, पंकज कटारिया, बलविन्दर सिंह विर्क, हरपाल सिंह, डीके बंसल, किशन नारंग, बल्लू घीक आदि मौजूद थे। **रामनगर।** रामनगर शहर एवं आस-पास के इलाकों में गणपति महोत्सव की पिछले 4 दिन से लगातार धूम मची है। जगह-जगह पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में जहां एक बाहर से आए कलाकारों द्वारा भगवान के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां के सजायी गयी तो वहीं श्रद्धालुओं ने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भागीदारी करते हुए कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। रामनगर में स्टेट बैंक के समीप स्थित पायते वाली रामलीला प्रांगण में गणपति उत्सव समिति द्वारा दसवां पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस बुधवार को कार्यक्रम स्थल पर हुई पूजा अर्चना एवं हवन के बाद भगवान गणपति की मूर्ति विसर्जन की शोभायात्रा पूरे उल्लास के साथ नगर में निकाली गई। इस दौरान इस शोभा यात्रा में मौजूद भक्त भजनों पर जमकर नाचते हुए दिखाई दिए तथा रामनगर से कुछ दूरी पर स्थित गिरिजा देवी मंदिर के पास पवित्र कोसी नदी में भगवान गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन किया गया इसके साथ ही रामनगर व उत्तर प्रदेश के भी कई इलाकों से आए भक्तों ने भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन किया। **हल्द्वानी।** समता आश्रम गली स्थित श्री गायत्री मंदिर में गत दिवस विशाल भंडारा तथा शोभा यात्रा के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। मंदिर में गत 7 सितम्बर को गणेश प्रतिमा स्थापित की गई थी। जिसके बाद से प्रतिदिन निरंतर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे थे। कार्यक्रम के अंतिम दिन गत दिवस मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। जिसके पश्चात मंदिर से श्री गणेश भगवान की प्रतिमा की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें राधा कृष्ण और शिव पार्वती आदि की आकर्षक झांकिया प्रदर्शित की गई थीं। झांकियों के आगे व पीछे श्रद्धालु अबीर गुलाल और फूलों की वर्षा करते हुए ढ़ोल की थाप पर भजन गाते और नृत्य करते चल रहे थे। शोभा यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए रानीबाग में गौला नदी के तट पर पहुंची जहां विधिविधान के साथ श्री गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के केकेअग्रवाल, मनोज डालाकोटी, यतेन्द्र जोशी, मैकूलाल, प्रेम बेलवाल आदि मौजूद थे।





# गणेश महोत्सव में सांसद भट्ट डांडिया नृत्य पर थिरके




हल्द्वानी(उद संवाददाता)। प्राचीन शिव मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव कार्यक्रम में गत सायं रंगारंग कार्यक्रमों के दौरान डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने सभी के साथ डांडिया बजाते हुए नृत्य किया। उन्होंने सभी को गणेश महोत्सव की शुभकामनाऐ दीं। इस मौके पर राजीव जायसवाल, हरिमोहन अरोरा, रूपेन्द्र नागर, अशोक सिंधी, शिव कपूर, गोपाल पाल, पंकज गुम्बर, वीके गुप्ता आदि मौजूद थे। वहीं देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव में बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। आयोजकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों डा. जेएस खुराना, सुभाष गुप्ता का स्वागत किया गया। इस मौके पर देवभूमि सामाजिक मंच के अध्यक्ष मिंटू गुप्ता, अजय कृष्ण गोयल, विजय गुप्ता, किशोर वार्ष्णेय, सन्नी आनन्द, हिमांशु वार्ष्णेय,राजकुमार केसर वानी, पवन गुप्ता, गणेश साहू आदि मौजूद थे। इधर लटूरिया आश्रम में राधा अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भजन गायिका कविता द्वारा गाये भजनों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में झूमते रहे। मंदिर में इस मौके पर राधा कृष्ण की आकर्षक झांकी भी सजाई गई थी। जिसने सबका मन मोह लिया। अंत में आरती के बाद भंडारा वितरित किया गया। इस मौके पर सतीश अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, विजय विरमानी, विपिन गुप्ता, राधेश्याम, राजेश अग्रवाल, नीरज प्रभात गर्ग, भोलानाथ केसरवानी आदि मौजूद रहे।

# ई रिक्शा लेकर नाबालिग भर रहे फर्राटा, कर रहे स्टंट

## गहराया जाम का संकट, बढी दुर्घटनाओं की आशंका, टांडा उज्जैन तिराहा व स्टेशन के सामने चालकों का आतंक

-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर। पूरा शहर जाम की जद में है। इसकी प्रमुख वजह ई रिक्शों का बेतरतीब ढंग से संचालन माना जा रहा है। इनकी संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होने के कारण नगर क्षेत्र में जाम का संकट एक बार फिर से गहराने लगा है। सड़कों पर स्टंट करते ई-रिक्शा चालक गंभीर दुर्घटनाओं का सबब बन चुके हैं। ई रिक्शा चालकों पर नकेल कसने के लिए अब तक कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए। अभी कुछ समय पूर्व ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर में चलने वाले ई रिक्शा चालकों का बड़ी तादात में सत्यापन किया गया। उन्हें पहचान पत्र जारी किए गए। यातायात पुलिस द्वारा ई रिक्शा चालकों को सख्त ताकीद किया गया कि वह गले में पहचान पत्र डालकर गाड़ी ड्राइव करेंगे। इसके अलावा ट्रैफिक नियमों का पालन नितांत आवश्यक होगा लेकिन ई रिक्शा चालकों ने ट्रैफिक पुलिस के फरमान को सिरे से खारिज कर दिया। मुख्य चौराहे के अलावा महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस की तैनाती होने के बावजूद ई रिक्शा चालक सवारियां देखते ही रिक्शा कहीं भी खड़ा कर देते हैं। आज हालत ऐसे है कि शायद ही किसी रिक्शा चालक के गले में पहचान पत्र देखने को मिले। सर्वेक्षण के मुताबिक नगर क्षेत्र में सैकड़ो की तादाद में बैटरी रिक्शा उत्तर प्रदेश के ठाकुरद्वारा क्षेत्र से आकर चलाए जा रहे हैं जिनका पुलिस के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। इसी तरह सड़कों पर तमाम नाबालिग ई रिक्शा चालकों को फर्राटा भरते देखा जा सकता है। सड़कों



पर स्टंट करने के कारण 24 घंटे गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। टांडा उज्जैन तिराहे पर जहां दूर दराज से आवागमन करने वाली बसों का ठहराव है यहां ई रिक्शा चालकों का आतंक कभी भी खुली आंख देखा जा सकता है। इसी तरह मेंन मार्केट, रतन रोड, महाराणा प्रताप चौक, चीमा चौराहा, स्टेडियम तिराहा, जसपुर अड्डा, बाजपुर रोड पर प्राइवेट बस स्टैंड आदि नगर के दर्जनों महत्वपूर्ण स्थानों पर बैटरी रिक्शा चालकों के आतंक के कारण गंभीर दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है वही कहीं ना कहीं गंतव्य तक जाने वाली सवारियों को भी रिक्शा चालकों के मनमानेपन का सामना करना पड़ता है। रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के आने के वक्त स्टेशन रोड पर बैटरी रिक्शा के कारण भारी जाम की नौबत आ जाती है। यहां बैटरी रिक्शा चालक जमकर धींगामुश्ती करते हैं। रेलवे स्टेशन के आसपास बैटरी रिक्शा चालकों पर नकेल कसने के लिए प्रशासन ने अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाए। स्टेशन के सामने आए दिन बैटरी रिक्शा चालकों के स्टंट करने के कारण दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं।

### झगड़ा फसाद के साथ वसूल रहे मनमाना किराया

काशीपुर। बैटरी रिक्शा चालकों में दर्जनों की तादाद ऐसी है जिनके पास कोई ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। यह सवारियों से मनमाया किराया वसूल करते बताए जा रहे हैं। विरोध करने पर बैटरी रिक्शा चालक झगड़ा फसाद पर भी आमादा हो जाते हैं। कई बार गाली गलौज और मारपीट की नौबत भी आ जाती है। बैटरी रिक्शा चालकों का सर्वाधिक आतंक स्टेशन के सामने और टांडा तिराहे पर हैं।

# पाण्डे ने किया जागरूकता कार्यक्रम प्रदर्शनी का शुभारम्भ

## पोषण पर अच्छा काम करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को किया सम्मानित







रूद्रपुर( उद संवाददाता)। युवा भवन में राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत जनपद में तीन दिवसीय सुपोषित किशोरी-सशक्त नारी एवं जागरूकता कार्यक्रम प्रदर्शनी शुभारम्भ गदरपुर विधायक अरविन्द पाण्डेय ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटियों और माताओं के स्वास्थ्य की चिंता करना शुरू किया इसलिए आज हम सातवां राष्ट्रीय पोषण माह मना रहे हैं इसके लिए उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया। पोषण विशेषज्ञ डॉक्टर अंशुल टंडन ने कहा कि गरीब से गरीब घर में आज ऐसा भोजन उपलब्ध है जिससे शरीर को पर्याप्त पोषण मिल सकता है. ये बात उन्होंने केंद्रीय संचार ब्यूरो की तरफ से आयोजित पोषण माह पर 3 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता अभियान के उद्घाटन दौरान कही। कार्यक्रम के आयोजक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ने कहा कि हमारे देश में कुपोषण की समस्या एक चिंता का विषय है, अपर्याप्त एवं असंतुलित भोजन अधिकांश बीमारियों का मुख्य कारण है यदि हम जन सामान्य को इस ओर जागरूक करे तो यह समस्या शीघ्र दूर होगी। उन्होने कहा पोषण अभियान का मुख्य लक्ष्य गर्भवती महिलाओं, दुग्ध पान कराने वाले माताओं एवं 06 वर्ष से कम आयु के बच्चें एवं किशोरियों में पोषण सम्बन्धी समस्याओं का समापन करके सुपोषित भारत बनाना है। रंगोली प्रतियोगिता में प्रेमलता-रूबी की जोड़ी प्रथम, निरुपमा-आशा सरकार की जोड़ी दूसरे, बबली-हेमलता की जोड़ी तीसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता प्रभारी शर्मिष्ठा बिष्ट ने बताया स्वस्थ्य बेबी प्रतियोगिता में दीपशिखा,सोना कृतिका पहले, मनीषा, हर्षिता, कृष्णा दूसरे, हर्ष, लक्षिता, कृतिका तीसरे स्थान पर रहे। पोषण पर अच्छा काम करने के लिए आंगनबाडी कार्यकर्ती रंजीत अरोड़ा, आराधना यादव,प्रोन्नोति विश्वास, भावना सक्सेना और बबली विश्वास को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुरजीत सिंह,राजीव कम्बोज,राजीव चुघ,जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत,सीडीपीओ आशा नेगी,हेमा कांडपाल, आंगनबाड़ीकार्यकत्री आदि थे।

# जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का शुभारम्भ



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शांतिपुरी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का शुभारंभ रंगारंग कार्यक्रम के साथ जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी के एस रावत द्वारा किया गया। श्री रावत ने कहा कि शांतिपुरी वास्तव में एक आदर्श गांव के साथ-साथ रचनात्मक कार्य हेतु तन, मन, व धन से सहयोग देते हैं । जो एक अच्छी परंपरा है। इस सफल प्रतियोगिता के लिए यहां के प्रधानाचार्य सहित स्कूल के संरक्षक डॉ गणेश उपाध्याय सहित सभी स्पोर्ट टीचर ,अध्यापक अभीवाहक गण बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग शेखर त्रिपाठी जी कहा जिंदगी जीने के लिए स्वस्थ शरीर का होना जरूरी है ,तभी हम हर जगह ,हर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं । इस स्कूल के संरक्षक डॉ गणेश उपाध्याय ने कहा बड़ी प्रसन्नता है, शांतिपुरी से छोटे से गांव में एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता करने का शुभ अवसर दिया जिला स्कूल प्रशासन अधिकारी का आभार व्यक्त करते हैं निश्चित तौर पर इसमें हम सब लोग सफल आयोजन के लिए हमेशा आपके साथ है। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य बृजेश गुप्ता, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद, प्रतियोगिता के जिला समन्वयक लक्ष्मण सिंह टाकुली, स्कूल अभीवाहक संघ के अध्यक्ष , अध्यक्ष एसएमसी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीपीएस ने शुरू किया 'अर्थ इक्विटी' पॉडकास्ट चैनल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिल्ली पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर ने सामाजिक और वैज्ञानिक जागरुकता को बढ़ावा देने के उददेश्य से एअर्थ इक्विटी नामक पॉडकास्ट चैनल की शुरुआत की है। इस चैनल का पहला एपिसोड 6 सितंबर 2024 को जारी किया गया, जिसका शीर्षक एग्रोफोरेस्ट्री इनसाइड रखा गया। इस एपिसोड की मेजबानी दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी आदित्य अल्हावत,गौरिका सिंह और आरुष पाल ने आपसी बातचीत की दिशा से निर्धारित की। इस कार्यक्रम में अतिथि विशेषज्ञ आशुतोष प्रधान, संयुक्त निदेशक, एग्रोफोरेस्ट्री रिसर्च सेंटर, गोविंद बल्लभ पंत विश्वविदयालय पंतनगर, उत्तराखंड ने प्राकृतिक आवासों और जैव विविधता की हानि को कम करने के लिए विविध प्रक्रिया की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये कदम हमारी साझा विरासत, वैश्विक खादय और जल सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन शमन और शांति को सशक्त करते हैं। आगामी पॉडकास्ट एपिसोड में भी इसी उददेश्य के तहत सतत विकास पर चर्चा की जाएगी। यह श्रृंखला सभी के लिए ज्ञानप्रद तथा प्रेरणादायक होगी। विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने इस पहल के लिए सभी को धन्यवाद दिया और विशेष रूप से आशुतोष प्रधान का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने विशेषज्ञ दृष्टिकोण से इस एपिसोड को समृद्ध किया।

# राजा के गाये भजनों को सुन श्रद्धालु भक्ति में डूबे





हल्द्वानी( उद संवाददाता)। देव भूमि सामाजिक मंच द्वारा होली मैदान में आयोजित किये जा रहे गणेश महोत्सव के दौरान गत सायं एक शाम श्री खाटू श्याम बाबा के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें भजन गायक डीके राजा में बाबा श्याम के भजनों को गाकर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं को भक्ति में डूबो दिया। सभी तालियां बजाते हुए नाचने लगे। सारा पंडाल बाबा खाटू श्याम के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। इस दौरान ड्रग एसोसिएशन, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पदाधिकारी विपिन चन्द्रा, संजय प्रसाद, सहित अन्य अतिथियों का पटका डालकर स्वागत किया गया। देवभूमि सामाजिक मंच के अध्यक्ष मिंटू गुप्ता, अजय कृष्ण गोयल , विजय गुप्ता, किशोर वार्ष्णेय, सन्नी आनन्द, हिमांशु वार्ष्णेय,राजकुमार केसर वानी, पवन गुप्ता, गणेश साहू आदि मौजूद थे। अंत में पुरोहित भुवन चन्द भट्ट द्वारा पूजा, आरती कर शिव प्रसाद वितरित किया गया। वहीं वैश्य सभा द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव में बच्चों द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इधर नव युवक संघ द्वारा भी गत सायं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक कलाकारों द्वारा गाये भजनों को सुनकर श्रद्धालु झूम उठे। इस दौरान सोनू पुरी, राजेश, रामनिवास गुप्ता आदि मौजूद रहे। वहीं पटेल चौक में भी गणेश पूजा व भंडारे का आयोजन हुआ। प्राचीन शिव मंदिर कमेटी द्वारा बच्चों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, प्रताप बिष्ट, सोनू नागर, हरिमोहन अरोरा, धर्मेंद्र गुप्ता, शिव कपूर, अशोक सिंधी, सुभाष मोंगा, स्वर्णलाल आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया राधाष्टमी महा महोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इस्कॉन अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ द्वारा राधाष्टमी महा महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम लेक पैराडाइस झील पर आयोजित हुआ। इसमें श्री श्री राधा-कृष्ण को 56 भोग लगाया गया साथ ही नौका विहार करवाया गया। उत्सव में हजारों की संख्या में भक्तों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया और श्री श्री राधाकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति को अभिव्यक्त किया। भक्तों के लिए नौका विहार, भक्ति संगीत, कीर्तन एवं प्रवचन की विशेष व्यवस्था की गई थी। भक्तों ने आनंद-विभोर होकर कीर्तन और नृत्य किया। उत्सव के पश्चात् सभी भक्तों के लिये प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। इस उत्सव का विशेष आकर्षण श्री श्री राधाकृष्ण की नौका विहार के लिये अत्यंत सुन्दर और विशेष फूलों से सजाई गई नाव थी। इस्कॉन रुद्रपुर के महाप्रबंधक सर्वमंगल गौर दास ने बताया कि वैदिक शास्त्रों के अनुसार राधाष्टमी भगवान श्रीकृष्ण की आल्हादिनी शक्ति श्रीमती राधारानी का प्राकट्य महोत्सव है जो भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य दिवस जन्माष्टमी के 15 दिन बाद मनाया जाता है। श्रीमती राधारानी का प्राकट्य ब्रज मंडल में रावल नामक ग्राम में हुआ था। उन्होंने बताया कि इस्कॉन संस्था द्वारा भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से श्री श्री राधाकृष्ण की भक्ति के सन्देश का प्रचार किया जाता है। वसुंधरा डेवेलपर्स के डायरेक्टर उज्जवल गगनेजा सहित शहर के गणमान्य अतिथियों ने भी इस उत्सव में भाग लेकर श्रीमती राधारानी की कृपा प्राप्त की। इस उत्सव में श्रीमान पद्म माली प्रभु,चंद्रकांत अरोरा,किशोर शर्मा, अनिल सिंह , नीरज अग्रवाल, सत्याभानु प्रभु श्रीधर वामन प्रभु समेत शहर के कई भक्तों ने बढ़-चढ़कर सेवा में हिस्सा लिया।

# व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीमों को किया रवाना



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्रीनगर (कश्मीर) में आयोजित व्हीलचेयर बास्केटबॉल नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में प्रतिभा करने जा रहे खिलाड़ियों को नगर निगम रूद्रपुर के निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, डिसएबल स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने फूलमाला पहनकर स्वागत कर रवाना किया। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि आज पेरिस में पैरालंपिक में दिव्यांग खिलाड़ियों के जज्बे को पूरा देश और दुनिया देख रही है कि कैसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और तेज का लोहा मनवाने का भी काम किया है। यह दृश्य हमारे लिए इसलिए भी प्रसन्नता का है, क्योंकि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की' परिकल्पना को भी साकार कर रहा है। डिसेबल स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ी हम किसी से काम नहीं के नारे के साथ आज दुनिया को अपनी खेल प्रतिभा के माध्यम से अपनी ताकत का एहसास करा रहे हैं खेल अपने कार्य के प्रति समर्पण के भाव के साथ तो जोड़ता ही है, साथ ही साथ जीवन में उतार-चढ़ाव के हर एक मोड़ पर जीतने की भी प्रेरणा देता है। अति प्रफुल्लित होकर अन्य के जीवन में बाधा पैदा करने की जो कुत्सित चेष्टाएं होती है, उसे रोकने का सामर्थ्य भी देता है। अगर किसी कारणों से सफलता नहीं प्राप्त हुई तो हर खिलाड़ी के अंदर शालीनता से उसे स्वीकार करने का भी सामर्थ्य भी पैदा करता है और जीवन इसी से चलता है।किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि आज दिव्यांग खिलाड़ियों ने न केवल अपने देश के लिए पदक जीतकर मान बढ़ाया है, बल्कि उन्होंने अपनी अद्भुत प्रतिभा और संघर्षशीलता के माध्यम से दुनिया को भी प्रेरित किया है। उनकी उपलब्धियों ने न केवल खेल जगत में बल्कि समाज में भी एक नए युग की शुरुआत हुई है आज हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने साबित किया है कि अगर इरादे मजबूत हों और मेहनत की जाए, तो कुछ भी असंभव नहीं है। उनकी जीत ने न केवल उनके परिवारों और देश को गर्व से भर दिया है आज हमारे दिव्यांग खिलाड़ी दुनिया भर के लोगों को प्रेरित कर रहे हैं । अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच हरीश चौधरी ने बताया कि श्रीनगर में आयोजित होने वाली व्हीलचेयर बास्केटबॉल नॉर्थ जोन में उत्तराखंड टीम प्रतिभा करेगी तीन मातु की सीरीज में जो टीम विजय होगी वह अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होगी।इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं टीम के कोच हरीश चौधरी, कप्तान प्रीति गोस्वामी, निर्मला मेहता, नीलिमा राय, तारा रावत, लक्ष्मी, गंगावती, राजेंद्र सिंह धामी, कमल हसन, रेखा मेहता, शांति देवी, सुशील चौहान, भुवन गुप्ता, शैलेंद्र रावत, डॉ राकेश सिंह, अनिल रावत, राधे कुमार, ममता जोशी, राजू कोली आदि लोग उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# लोकपाल और लोकायुक्त का तंत्र

भ्रष्टाचार पूरी दुनिया के सामने विकास और खुशहाली की राह में बहुत बड़ा रोड़ा है। इसलिए लगभग हर देश ने इस पर अंकुश लगाने का तंत्र विकसित कर रखा है। प्रशासन की जवाबदेही तय करने की कोशिशें की जाती हैं। मगर हमारे यहां इस मामले में ज्यादातर नाकामी ही नजर आती है। इसलिए लंबे समय से मांग की जाती रही कि लोकपाल और लोकायुक्त के गठन संबंधी कानून बनना चाहिए। करीब ग्यारह वर्ष पहले इसे लेकर बड़ा आंदोलन हुआ, जिसके दबाव में लोकपाल अधिनियम पारित हुआ। मगर लोकपाल की नियुक्ति का मामला करीब पांच वर्ष तक इस तर्क के आधार पर टलता रहा कि लोकसभा में कोई विपक्ष का नेता नहीं था। लोकपाल अध्यक्ष की नियुक्ति में विपक्ष के नेता का होना जरूरी है। आखिरकार पांच वर्ष पहले लोकपाल का गठन हआ, मगर अभी तक वह पूरी तरह कार्य करने की स्थिति में नहीं आ सका है। अब लोकपाल के जांच प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ में लोकपाल अध्यक्ष के अधीन एक जांच निदेशक होगा, जिसे तीन पुलिस अधीक्षक मदद करेंगे। प्रत्येक पुलिस अधीक्षक को जांच अधिकारी और अन्य कर्मचारियों की सहायता प्रदान की जाएगी। इस तरह उम्मीद बनी है कि अब लोकसेवकों की अनियमितताओं के खिलाफ कुछ कड़े कदम उठाए जा सकेंगे। हालांकि भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत पहले से कई जांच एजंसियां काम करती हैं। हर महकमे के कर्मचारी पर वहां का सतर्कता विभाग नजर रखता और उसके खिलाफ शिकायतों का निपटारा करता है। केंद्रीय जांच ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग भी संबंधित मामलों में जांच करते ही हैं। मगर प्रशासनिक सुधार आयोग का मानना था कि लोकपाल और लोकायुक्त के गठन से लोकसेवकों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई हो सकेगी। दूसरी जांच एजंसियों पर चूंकि राजनीतिक प्रभाव अधिक देखा गया है, इसलिए उनसे भ्रष्टाचार के मामले में निष्पक्षता की उम्मीद धुंधली बनी रहेगी। पर शायद सरकारों को लोकपाल और लोकायुक्त के गठन से इसीलिए हिचक पैदा होती रही कि उसके दायरे में प्रधानमंत्री तक को रखा गया है। फिर लोकपाल और लोकायुक्त स्वतंत्र निकाय की तरह काम करेंगे, उन्हें दूसरी एजंसियों की तरह किसी अधिकारी के खिलाफ जांच करने के लिए संबंधित विभाग से अनुमति की जरूरत नहीं होगी। कई सरकारों को लगता रहा है कि इस तरह उनके कामकाज में बाधा पड़ सकती है। शायद यही कारण है कि अब भी कई राज्य सरकारों ने अपने यहां लोकायुक्त का गठन नहीं किया है।देर से ही सही, लोकपाल के जांच प्रकोष्ठ के गठन से लोगों में भ्रष्टाचार निवारण की दिशा में उल्लेखनीय नतीजों की उम्मीद जगी है। लोकसेवकों में गलत तरीके से पैसा कमाने की भूख और रिश्वत लेकर अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाने, सरकारी योजनाओं में गतिरोध और छीजन पैदा करने की प्रवृत्ति किसी से छिपी नहीं है। इस वातावरण को तभी ठीक किया जा सकता है, जब लोकसेवकों की अनियमितताओं पर लगाम लगाई जा सके। हालांकि कुछ लोग यह संशय व्यक्त करते रहे हैं कि लोकपाल और लोकायुक्त की नियुक्ति में भी राजनीतिक दखल होती है, इसलिए वे कितने निष्पक्ष रह पाएंगे, कहना मुश्किल है। मगर एक विशाल जनसमुदाय और बड़े प्रतिबद्ध प्रबुद्ध समाज की इच्छा से गठित इस संस्था से भ्रष्टाचार निवारण को लेकर निष्ठा और निष्पक्षता की उम्मीद फिलहाल कमजोर नहीं हुई है।

# अल्मोड़ा और नैनीताल में मां नंदा सुनंदा महोत्सव की धूम



अल्मोड़ा/नैनीताल(उद संवाददाता)। सितंबर का महीने में पूरा कुमाऊं नंदामयी हो जाता है। मां नंदा को कुमाऊं की कुल देवी कहा जाता है। कुमाऊं और मां नंदा का रिश्ता अटूट है। हर साल सितंबर के महीने में नंदाष्टमी को कुमाऊं में अल्मोड़ा से लेकर नैनीताल तक धूमधाम से मनाया जाता है। पौराणिक नंदा देवी मेले को लेकर यहां काफी समय पहले से ही तैयारियां शुरू होने लगती हैं। अल्मोड़ा से लेकर नैनीताल, रानीखेत से लेकर चंपावत तक इन दिनों नंदा सुनंदा महोत्सव की धूम देखने को मिल रही है। कदली वृक्ष लाकर मां की प्रतिमाओं के निर्माण के बाद आज इनकी स्थापना हो गई है। आज से दो दिनों तक भक्त मां नंदा और सुनंदा की मूर्तियों के दर्शन कर सकते हैं। आपको बता दें कि अल्मोड़ा में नंदा देवी मेला ऐतिहासिक है। सैकड़ों साल से यहां नंदा देवी मेले का आयोजन होता है। नंदा देवी मेले की शुरुआत पंचमी से की जाती है। बता दें कि अल्मोड़ा के नंदा देवी मेले के दौरान चंद राजाओं के वंशज माता के मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं। अल्मोड़ा की तरह ही नैनीताल में भी नंदा देवी महोत्सव बेहद ही धूमधाम से मनाया जाता है। कदली वृक्ष लाने के साथ ही महोत्सव की शुरूआत होती है। जिसके बाद इस से मां नंदा-सुनंदा की मूर्तियां बनाई जाती है। नैनीताल में नंदा देवी महोत्सव को देखने के लिए हजारों लोग पहुंचते हैं। पर्यटन नगरी रानीखेत में भी नंदा सुनंदा महोत्सव की धूम है। बुधवार को मां नंदा सुनंदा की मूर्तियों की स्थापना के साथ ही नगर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम है। छोलिया नृत्य से लेकर कुमाऊंनी लोक नृत्यों की प्रस्तुति देते कलाकार लोगों का मन मोह रहे हैं। भवाली में भी मां नंदा सुनंदा की मूर्तियों की आज स्थापना की गई। लोगों में नंदा देवी महोत्सव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मां नंदा-सुनंदा के जयकारों से पूरा भवाली गूंज रहा है। दूर-दराज गांवों से लोग मां नंदा सुनंदा के दर्शनों के लिए भवाली पहुंच रहे हैं। भीमताल में आज मां नंदा सुनंदा के जयकारों के साथ नंदा-सुनंदा को डोला निकाला गया। श्री 10008 वनखंडी महाराज आश्रम भीमताल से नंदा और सुनंदा का डोला मल्लीताल बाजार, तिकोनिया और डांठ से वापस आश्रम लाया गया। इस दौरान महिलाएं और पुरुष कुमाऊंनी परिधान में झोड़ा करते हुए नजर आए।

# मां नंदा सुनंदा महोत्सव का हुआ समापन

कपकोट(उद संवाददाता)। मूर्ति विसर्जन के साथ ही ग्राम पंचायत कपकोट में आयोजित नंदा सुनंदा (स्यौपाती) महोत्सव आज संपन्न हो गया। मंदिर में पूजार्थियों का सुबह से ही तांता लगा रहा। मेलार्थियों में पारंपरिक चांचरी के गीतों का जमकर गायन किया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह मुख्य मंदिर कपकोट गांव से पाती से बनी नंदा मैय्या की मूर्ति को गाजे बाजे के साथ नंदा मंदिर लाए। मंदिर में पंचामृत के बाद पूजा कार्यक्रम शुरू हुआस श्रद्धालुओं ने अपनी मनौती पूरी होने पर श्रद्धालुओं ने पुरोहितों से मंदिर में दुर्गा सप्तशती के पाठ कराकर घंटी और मन मोहक चुनरी चढ़ाईस मंदिर में दूर दूर से श्रद्धालु आए थेस मेले में दुकानें सजी हुई थी। श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी कीस पारंपरिक चांचरी के गीतों में भागा रे पंथाणा भागा छम... के गायन में पुरुषों के साथ ही महिलाओं ने जमकर ठुमके लगाएस पुजारी भीम सिंह दानू, भुवन दानू और खुशहाल सिंह कन्याल ने प्रसाद बांटास मंदिर कमेटी ने पूजा और मेला संपन्न कराने में दिए गए सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। वहां कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कपकोटी, गांव के सबसे बुजुर्ग 104 वर्षीय पूर्व सभापति नारायण सिंह कपकोटी, बीडीसी सदस्य विमला देवी, पूर्व प्रधान गणेश चंद्र उपाध्याय, पूरन कपकोटी, पूर्व बीडीसी सदस्य चंद्र सिंह कपकोटी, मोहन कपकोटी, दरबान सिंह कपकोटी, कै. प्रताप कपकोटी, राम चंद्र जोशी, दीवान बिष्ट, डॉ. भूपाल कपकोटी, जमन बिष्ट, महिमन, तारा, लक्ष्मण, हरीश, श्याम, नरेंद्र, गोपाल, भूपाल,महिपाल, महेश, गजेंद्र, हीरा, बिशन, गोविंद, हिम्मत, बलवंत, राजू और ललित थे। मंत्रोचार चंद्र शेखर, कौस्तुभ, नवीन, पूरन, रोहन और प्रकाश जोशी ने मंत्रोचार किया।



# एनएच 74 घोटाला में ईडी ने दाखिल किया आरोप पत्र

## घोटाले में मुख्य आरोपी रहे पीसीएस अफसर दिनेश प्रताप सिंह समेत आठ आरोपियों में पंजाब के कुछ किसान भी शामिल

देहरादून(उद संवाददाता) उत्तराखंड के बहुचर्चित एनएच 74 घोटाले में मुख्य आरोपी रहे पीसीएस अफसर दिनेश प्रताप सिंह समेत आठ आरोपियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल कर दिया है। स्पेशल ईडी कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 13 नवंबर की तिथि नियत की है। कॉर्बेट नेशनल पार्क की पाखरो रेंज घोटाले के मामले में सीबीआई ने पूर्व डीएफओ किशन चंद और रेंजर बृज बिहारी शर्मा के खिलाफ अभियोजन चलाने की अनुमति मांगी है। दोनों के खिलाफ विजिलेंस भी चार्जशीट दाखिल कर अभियोजन की अनुमति मांग चुकी है। लेकिन, विजिलेंस को अनुमति नहीं दी गई थी। ऐसे में अब मामले की जांच सीबीआई कर रही है तो सीबीआई ने विजिलेंस के पत्र के आधार पर ही शासन को रिमाइंडर भेजा है। अब इस अनुमति को सीबीआई को दिया जाना है। आरोपियों में पंजाब के कुछ किसान भी शामिल हैं, जिनकी ईडी करोड़ों रुपये की संपत्तियों को भी संबद्ध (अटैच) कर चुकी है। इस प्रकरण में डीपी सिंह को शासन ने पिछले दिनों ही क्लीन चिट दी थी। उनके खिलाफ चल रही अनुशासनिक कार्यवाही को बिना किसी दंड अधिरोपण के खत्म कर दिया गया था। यही नहीं पहले दी गई अभियोजन की अनुमति को भी समाप्त कर दिया गया था। गौरतलब है कि मार्च 2017 में एनएच 74 घोटाला सामने आया था। तत्कालीन एडीएम प्रताप शाह ने ऊधमसिंहनगर के सिडकुल चौकी में एनएचएआई के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ ही सात तहसीलों के तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार और कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। तत्कालीन त्रिवेंद्र सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। इस घोटाले में दो आईएएस और पांच पीसीएस अफसर निलंबित किए गए। 30 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी, दलाल और किसानों को जेल जाना पड़ा था। घोटाले के आरोप में तत्कालीन एसएलओ और पीसीएस अफसर दिनेश प्रताप सिंह को मुख्य आरोपी बनाया था। डीपी सिंह भी करीब 14 महीने तक जेल में रहे थे। एसआईटी की जांच में यह घोटाला 400 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का पाया गया। वर्ष 2019 में एसआईटी ने आरोपपत्र भी दाखिल किया और दिनेश प्रताप समेत कई अधिकारियों और किसानों के खिलाफ आरोप भी तय हुए। इस बीच घोटाले की जांच के बाद ईडी भी सक्रिय हुई। ईडी ने अपनी जांच के दौरान अधिकारियों और किसानों की करोड़ों रुपयों की संपत्ति को संबद्ध किया। ईडी गत तीन सालों से इस मामले की जांच कर रही थी। अब जांच पूरी होने के बाद ईडी ने स्पेशल ईडी कोर्ट में पीसीएस दिनेश प्रताप सिंह, किसान जिशान अहमद, सुधीर चावला, अजमेर सिंह, गुरवैल सिंह, सुखवंत सिंह, सुखदेव सिंह और सतनाम सिंह के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। इस चार्जशीट पर संज्ञान के लिए कोर्ट ने 13 सितंबर की तिथि नियत की है।

# भाजपा ने सदस्यता अभियान में बनाए 2.36 लाख सदस्य

देहरादून। प्रदेश अध्यक्ष कहा कि तीन सितंबर से प्रदेश में शुरू हुए इस अभियान में कुल 2.39 लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं। अभी तक यह अभियान व्यक्तिगत संपर्क से आगे बढ़ाया जा रहा था। अब एक सप्ताह का महाजनसंपर्क अभियान में विधानसभा एवं मंडल स्तर के लिए निर्धारित अल्पकालीन विस्तारक, जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ बूथ स्तर पर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। अभियान के प्रदेश संयोजक कुलदीप कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी 11729 बूथों पर यह सदस्यता किट भेजी गई है। प्रत्येक किट में केंद्र एवं राज्य सरकार के कामकाज और पार्टी के विचारों से संबंधित प्रपत्र के साथ ऑफलाइन सदस्यता फॉर्म एवं अभियान का स्टीकर दिया गया है। इसमें दिए गए फॉर्म के माध्यम से उन तमाम लोगों को भी पार्टी से जोड़ा जाएगा जिनके पास मोबाइल नंबर नहीं होगा। इस चरण में प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 परिवारों तक संपर्क कर सदस्य बनाया जाएगा। इस एक सप्ताह के अभियान में निश्चित किए गए अल्पकालीन विस्तारक सातों दिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों के साथ मिलकर अभियान को गति देंगे। इस सघन अभियान में सभी विधायक अभी पार्टी पदाधिकारी अपने बूथ पर भी रहेंगे और जो भी बूथ उन्हें दिए गए हैं वहां पर भी अभियान को गति देने का काम करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष स्वयं सभी 19 सांगठनिक जिलों में एक-एक बूथ पर प्रवास कर अभियान को गति देने का काम करेंगे। वह पांच जिलों में जा चुके हैं और अब पौड़ी, चमोली, रुद्रप्रयाग जिलों के बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में हुए शिरकत करेंगे।

# सीबीआई ने मांगी पूर्व डीएफओ किशनचंद और बृज बिहारी के खिलाफ अभियोजन की अनुमति

देहरादून। कॉर्बेट नेशनल पार्क की पाखरो रेंज घोटाले के मामले में सीबीआई ने पूर्व डीएफओ किशन चंद और रेंजर बृज बिहारी शर्मा के खिलाफ अभियोजन चलाने की अनुमति मांगी है। दोनों के खिलाफ विजिलेंस भी चार्जशीट दाखिल कर अभियोजन की अनुमति मांग चुकी है। लेकिन, विजिलेंस को अनुमति नहीं दी गई थी। ऐसे में अब मामले की जांच सीबीआई कर रही है तो सीबीआई ने विजिलेंस के पत्र के आधार पर ही शासन को रिमाइंडर भेजा है। अब इस अनुमति को सीबीआई को दिया जाना है। विश्व प्रसिद्ध जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व की पाखरो रेंज के 106 हेक्टेयर वन क्षेत्र में टाइगर सफारी बननी थी। वर्ष 2019 में इसका निर्माण कार्य बिना वित्तीय स्वीकृति के शुरू कर दिया गया। पेड़ काटने व अवैध निर्माण की शिकायत मिलने पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया था। जिसमें अनियमितताएं सामने आई। शिकायत हुई और विजिलेंस ने इसकी जांच शुरू की। इसके बाद वर्ष 2022 में विजिलेंस ने पूर्व डीएफओ किशनचंद और रेंजर बृज बिहारी शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरोप था कि पार्क के कालागढ़ डिविजन की पाखरो रेंज में टाइगर सफारी के नाम पर 215 करोड़ रुपये बर्बाद कर दिए गए। दूसरे मद का पैसा डीएफओ और रेंजर से सांठगांठ कर टाइगर सफारी के काम में खपा दिया। ठेकेदार से काम की एवज में बड़ी रकम ली गई थी।विजिलेंस ने पूर्व रेंजर बृज बिहारी शर्मा को गिरफ्तार भी किया था। लेकिन, पूर्व डीएफओ किशनचंद को कोर्ट से स्टे मिल गया था। हालांकि, विजिलेंस ने जब इसे चुनौती दी तो गिरफ्तारी के बिना ही चार्जशीट दाखिल करने की अनुमति मिल गई। ऐसे में विजिलेंस ने दोनों के खिलाफ वर्ष 2023 में चार्जशीट दाखिल कर दी और शासन से इनके खिलाफ अभियोजन चलाने की अनुमति मांगी। लेकिन, विजिलेंस को यह अनुमति नहीं मिली। इसी बीच हाईकोर्ट के आदेश के बाद इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई। सीबीआई ने जांच शुरू की और विजिलेंस के तथ्यों के आधार पर ही इस चार्जशीट को सही माना। अब इन दोनों आरोपियों के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए अनुमति की आवश्यकता थी तो सीबीआई ने विजिलेंस के पत्र को ही आधार मानते हुए शासन को रिमाइंडर भेजा है। जल्द ही किशनचंद और बृज बिहारी के खिलाफ अभियोजन चलाने की अनुमति सीबीआई को मिल सकती है।

# डकैती डालकर भागे बदमाशों की कुंडली खंगालने में जुटी पुलिस

हरिद्वार। हरिद्वार में श्रीबालाजी ज्वेलर्स शोरूम में करोड़ों की डकैती डालने के बाद बदमाशों ने फरार होने में जिन वाहनों का प्रयोग किया था, वह चोरी के निकले हैं। पुलिस ने सीसीटीवी से वाहनों के नंबरों को जांचा तो ये बात निकलकर सामने आई। पुलिस-सीआईयू व एसटीएफ की टीमें बदमाशों की कुंडली खंगालने में जुटी है। कुछ सुराग भी मिले हैं, लेकिन अभी तक कोई खास सफलता नहीं मिल सकी है। एक सितंबर की दोपहर रानीपुर मोड़ स्थित अतुल गर्ग के श्रीबालाजी ज्वेलर्स शोरूम में हथियारबंद पांच बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश करोड़ों रुपये के आभूषण लूटकर स्कूटी और बाइक से फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी के जरिये वाहनों के नंबर देखने के बाद उनकी पड़ताल शुरू की। तब सामने आया कि चोरी के वाहनों का इस्तेमाल बदमाशों ने फरार होने में किया है। बदमाशों के बारे में दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में सुराग मिलने के बाद अलग-अलग टीमों ने यहां डेरा डाल रखा है। कुछ क्लू जरूर मिले हैं, लेकिन बदमाश हाथ नहीं लग पा रहे हैं। पिछले 10 दिन से लगातार पुलिस की टीमें गैर राज्यों में 24 घंटे खोजबीन में जुटी हुई हैं। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि बदमाशों की खोजबीन में टीमें जुटी हुई हैं।

# कार्यक्षेत्र में लापरवाही और लंबित मामलों का निस्तारण नही होने पर होगी कड़ी कार्रवाई

बागेश्वर( उद संवाददाता)।जिले का प्रभार संभालते ही जिलाधिकारी आशीष भटगांई लगातार जिले के सरकारी सिस्टम को दुरुस्त करने में जुट गए हैं।उन्होंने अपने सख्त लहजे से लापरवाह और प्रशासनिक अमले में मिलीभगत करने सहित अधिकारी कर्मचारियों की जनता के प्रति जबाबदेही, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठता से दायित्वों का निर्वहन नही करने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। बुधवार को डीएम आशीष भटगाई ने विकास भवन का औचक निरीक्षण किया।



अचानक सुबह साढ़े दस बजे जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण की सूचना मिलते ही अधिकारी कर्मचारी चौकन्ने हो गए। वही निरीक्षण से अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। विकास भवन में संचालित कई विभागों के कार्यालयों में गन्दगी और पत्रवालियों,अभिलेखों का रख-रखाव सही नही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी। जिलाधिकारी ने विकास भवन के कार्यालयों में संचालित विभागों को अभिलेखों के रख-रखाव में मिली खामियों पर अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने,सभी कार्यालयों में साफ सफाई का उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए। विकास भवन में स्थापित अग्निशमन उपकरणों को समय समय पर चेक करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आलमारी के अंदर किन अभिलेखों और पत्रवालियों को रखा गया है उनका ब्यौरा आलमारी के बाहर भी चस्पा किया जाए और कहा कि आलमारियों के ऊपर रखी गई अव्यवस्थित सामग्रियों को तत्काल हटाना सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यालय में प्लास्टिक का कतई भी उपयोग नही करने एवं कार्यालय में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ आरसी तिवारी पीडी शिल्पी पंत,डीडीओ संगीता आर्या सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

# वंदे मातरम ट्रेनिंग एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून( उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में वंदे मातरम ट्रेनिंग एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश प्रसाद सेमवाल ने मुलाकात की। श्री सेमवाल गढ़वाल राइफल की तीसरी बटालियन से सेवानिवृत हुए हैं वह विगत चार वर्षो से उत्तरकाशी के पुरोला में स्थानीय युवाओं को स्वयं के खर्चे पर सेना में भर्ती का प्रशिक्षण करा रहे हैं। अब तक उन्होंने 15 सौ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया है साथ ही उनके द्वारा कई बालिकाओं को सेना में भर्ती हेतु निःशुल्क कोचिंग व शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनके फाउंडेशन से प्रशिक्षित 168 युवाओं का चयन सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस और अन्य सेवाओं में हुआ है। अभी हाल में ही उनके द्वारा प्रशिक्षित 19 युवाओं का अग्निवीर में भी चयन हुआ है। वह स्कूल और कॉलेजों में जाकर बच्चों को नशे से दूर रहने जैसे कार्यक्रम चला रहें हैं। राज्यपाल ने कहा कि श्री सेमवाल द्वारा नशा मुक्ति अभियान, युवाओं को सेना और अर्धसैनिक बलों में भर्ती हेतु युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षित किया जाना प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहने के अभियान को श्री सेमवाल द्वारा निस्वार्थ भाव से किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण दिए जाने के साथ उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के लिए प्रोत्साहित करना सराहनीय है। उन्होंने कहा की उत्तराखण्ड के युवा और यहां की बेटियां बेहद सशक्त और प्रतिभाशाली हैं, उन्हें केवल दिशा दिखाने की जरूरत है जिस ओर श्री सेमवाल के द्वारा किए जा रहे प्रयास अन्य संस्थाओं के लिए मार्गदर्शक का कार्य करेंगे। राज्यपाल ने इस अभियान में हर संभव सहायता का भी आश्वासन दिया।



# स्कूली वाहनों में मिली कई खामियां

गदरपुर (उद संवाददाता)नगर के निजी विद्यालयों में ट्रांसपोर्ट के नाम पर ऐसे वाहन संचालित किए जा रहे है जिनमें कई खामिया हैं। इसकी शिकायत पर एआरटीओ नितिन शर्मा के नेतृत्व में टीएम ने स्कूली वाहनों की आकस्मिक चेकिंग की। एआरटीओ के पहुंचने की खबर देखते ही देखते निजी विद्यालयों के संचालको तक पहुँच गई जिससे सभी विद्यालयों में हड़कम्प मच गया।एआरटीओ नितिन शर्मा ने बताया कि वाहनों की फिटनेस, रजिस्ट्रेशन ,बीमा आदि को लेकर जांच की जा रही है और लगभग तीन से चार वाहनों में बड़ी कमी पाई गई है जिन पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जा रही है। निजी विद्यालय के प्रबंधक द्वारा अधिकारियों से बहस भी हुई जिसका कोई असर अधिकारी पर नही पड़ा। विद्यालय की छुट्टी के समय बच्चों को लेने आये अभिवावक भी दबी आवाज में बोलते हुए नजर आए कि विद्यालय ओर ट्रांसपोर्ट के नाम पर मोटी फीस ली जाती है लेकिन सुविधा शून्य नजर आती है।अभिवावकों का कहना है विद्यालय की सड़क का भी इतना बुरा हाल है कि कई बार टुकटुक के पलटने से बच्चों को चोट लगी है।वही वाहन स्वामियों का कहना है कि टुकटुक वाले क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर चलते है उनपर एआरटीओ की कोई कार्यवाही नही होती।अब देखना यह होगा कि निजी विद्यालयों के संचालक आखिर कब बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए क्या उचित कदम उठाएंगे।



# भाजपा को मजबूत बनाने को जुटें कार्यकर्ता: रेखा

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। भाजपा को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता एकम जुट होकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवायें। यह बात भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सदस्यता अभियान उत्तराखण्ड सह प्रभारी रेखा वर्मा ने गत सायं ट्रांजिट कैम्प की कृष्णा कालोनी में मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता के आवास पर आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आम जनता को प्रदेश व केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों और जनहित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार के जानकारी दें। साथ ही उन्हें योजनाओं को लाभ देने के लिए उनका सहयोग भी करें। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान से ही ऐसे कार्यकर्ताओं की पहचान होगी जिनकी क्षेत्र की जनता में अच्छी पकड़ है। उन्होंने कहा कि आगामी निकाय चुनाव से पूर्व सदस्यता अभियान पूर्ण कर कर्मठ व निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां भी दी जायेंगीं। इस दौरान जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, उत्तम दत्ता, भारत भूषण चुघ, अनिल शर्मा, अमित नारंग,राधेश शर्मा, धीरेश गुप्ता आदि ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।



# नशे के इंजेक्शन समेत एक दबोचा

हल्द्वानी। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीपी नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति को नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। टीपी नगर पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध स्कूटी सवार जंगल की ओर से रामपुर रोड की ओर आ रहा है। जिस पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूटी सवार को पकड़ लिया। स्कूटी की डिग्गी तलाशी ली गई तो उसमें नशे के 19 इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना रिजवान मियां उर्फ बाबू निवासी इन्दिरा नगर काबुल का बगीचा वनभूलपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी सीज कर दी है।

# वीरांगना ग्रुप ने किया एसएसपी का स्वागत

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। वीरांगना ग्रुप कक एक शिष्टमंडल ने गत दिवस एसएसपी मणिकांत मिश्रा से मुलाकात कर उनका बुकेट देकर स्वागत किया। इस दौरान ग्रुप की महिलाओं ने एसएसपी से समाज में बढ़ते महिला अपराधों और नशे की प्रवृति पर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर प्रभावी ढ़ग से रोक लगाने की आग्रह किया। स्वागत करने वालों में वीरांगना ग्रुप की अध्यक्ष रेनू अरोरा, उर्वशी गाबा, स्वाति कक्कड़, संगीता बांगा, पूर्वी गुप्ता, रचना, अन्नू कालड़ा, सोनिया अरोरा, प्रियंका कम्बोज आदि शामिल थीं।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक-21121202 विद्यालय/केन्द्र-आदित्यनाथ झा राजकीय इण्टर कालेज, रूद्रपुर जिला उधम सिंह नगर से सम्बद्ध- उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद बोर्ड की मार्कशीट प्रमाण पत्र मूल रूप से वास्तव में कहीं गुम हो गयी है। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिल पायी है। जिसका किसी के द्वारा प्रयोग अवैध होगा।

**अमर कश्यप पुत्र श्री रामवीर**
निवासी-कृष्णा कालोनी, ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

# पांच सौ रुपए चुराने वाले चोर के खिलाफ मुकदमा

सितारगंज( उद संवाददाता)। परचून की दुकान रात में काटने के बाद चोर ने गले में पड़े 500 चुरा लिए। आहट होने पर दुकान स्वामी और उसके बेटे ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी सरिया छोड़कर भाग गया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा पंजीकृत किया है। बमनपुरी तिराहा निवासी जलील अहमद पुत्र खलील अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 10 सितंबर की रात करीब 2 बजे घर में स्थित परचून की दुकान को चोर ने तोड़ दिया। आरोपी तस्लीम निवासी पंडरी को उन्होंने पहचान लिया। लेकिन आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस ने जलील अहमद की तहरीर पर तस्लीम के खिलाफ 500 चोरी करने का मुकदमा पंजीकृत किया है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# लामचौड़ देवलचौड़ आबादी क्षेत्र से रिंग रोड निकालना न्यायोचित नही: नीरज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लामचौड़ देवलचौड़ आदि ग्रामीण आबादी क्षेत्र से रिंग रोड निकालना न्यायोचित नही है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने बताया पूर्व में जंगल की तरफ से रिंग रोड़ बनाने का प्रस्ताव था जो जनहित में बहुत अच्छा था। किसी भी व्यक्ति विशेष को जमीन आदि का नुकसान नहीं था और पूर्व की रिंग रोड से अधिकांश लोग लाभान्वित भी हो रहे थे। लेकिनवर्तमान भाजपा सरकार पता नहीं क्यों जनभावनाओं को दरकिनार कर नई रिंग रोड को आबादी क्षेत्र से निकालने का जबरन प्रयास कर रही है, जो कि सरासर गलत है।जिसका हम विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा विकास की पक्षधर रही है। तिवारी ने भाजपा को नसीहत देते हुए कहा किसी का घर उजाड़ कर विकास करना कौन सा धर्म है।किसी का घर उजाड़ने से बेहतर पूर्व प्रस्तावित रिंग रोड जो कि जंगल से होते हुए जाएगी उसको बनाए जाना उचित होगा।अन्यथा सभी प्रभावित लोग मिलकर रणनीति बनाकर जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## पेज एक का शेष...

**छत की रेलिंग ...**बिजनौर उम्र 20 वर्ष, रुकमन पत्नी काले निवासी रामनगर उम्र 35 वर्ष, किरन पत्नी राकेश उम्र 42 वर्ष निवासी सुभाष नगर काशीपुर, मंजू पत्नी चंद्रपाल निवासी रामनगर उम्र 43 वर्ष, रचना पत्नी महेश निवासी जोया मुरादाबाद उम्र 45 वर्ष, अनु पुत्री देवदत्त निवासी निवासी राजेंद्र नगर खड़कपुर उम्र 20 वर्ष, प्रेमवती पत्नी देवदत्त निवासी खड़कपुर उम्र 45 वर्ष , पूजा पत्नी विकास निवासी खड़कपुर उम्र 25 वर्ष, प्रियंका पत्नी मनोज प्रतापपुर काशीपुर उम्र 27 वर्ष , तरुण पुत्र मनोज निवासी उपरोक्त उम्र 2 वर्ष, काजल पुत्री राकेश निवासी आवाज विकास काशीपुर उम्र 24 वर्ष, नन्ही पत्नी नरेश निवासी चांदपुर बिजनौर उम्र 40 वर्ष शामिल है। इनमें से आधा दर्जन घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

**नग्न अवस्था में ...**ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ मिलकर मामले की हर पहलू से जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक का गत दिवस अपने पारिवारिक सदस्यों से किसी बात को लेकर मन मुटाव हो गया था तभी से वह घर से बगैर बताए चला गया था। जिस स्थान पर मुकेश का शव प्राप्त हुआ वहां पर कीटनाशकों के पैकेट भी मिले हैं जिससे कयास लगाया जा रहे हैं कि संभवत: मुकेश की मृत्यु कीटनाशक के सेवन करने से हुई होगी। अभी तक इस संबंध में किसी भी प्रकार से पुष्टि नहीं हो पाई हैं। उधर इस घटना से मुकेश के परिवार में कोहराम मचा हुआ है मृतक के दो मासूम बच्चे भी है।

**पत्नी के मायके..**को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर कमला मायके चली गई। बताया जाता है कि पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध कमल ने जमकर शराब पी। इसके बाद वह कीटनाशक ले आया और बेस अस्पताल के बाहर ही उसे पी लिया। इसकी जानकारी उसने अपनी पत्नी के साथ ही परिवार को दी। इस पर कमला के साथ ही कमल की भाभी, बहन समेत अन्य सदस्य बेस अस्पताल के बाहर पहुंच गए। जहां इन सभी ने आपस में ही एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए बीच सड़क हंगामा शुरू कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को समझा-बुझाकर शांत कराया। साथ ही कमल को उपचार के लिए बेस अस्पताल के अंदर दाखिल कराया। बताया जाता है कि इस बीच वह अस्पताल से भाग निकला। उसे किसी तरह पकड़ कर निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। बहरहाल उसका उपचार चल रहा है।

**बहु ने ससुर के ..**गए उन्होंने उसको बचाया। पीड़िता का कहना है कि उसका ससुर उसके ऊपर विवाह के समय से गंदी नियत रखता है। पुलिस ने पीड़िता के ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध तमंचे के साथ बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर( उद संवाददाता)। आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से चहल कदमी कर रहे एक बदमाश को पुलिस ने गश्त के दौरान शक के आधार पर गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। कार्रवाई के बारे में पता चला है कि आईटीआई पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने सांई धाम में गणेश महोत्सव के दौरान बांसियो वाला कॉलोनी जसपुर खुर्द निवासी हिमांशु जाटव पुत्र बृजपाल को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा बरामद किया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अपराधों पर लगायें अंकुश, थाना-चौकियों पर गिरेगी गाज: डीजीपी

## डीजीपी अभिनव कुमार ने प्रदेश में बढ़ती चोरी, हत्या, लूट, डकैती और नशे के कारोबार समेत बलात्कार की घटनाओ पर जतायी चिंता

## सभी जनपदों में यातायात व्यवस्था, साइबर अपराध और ड्रग्स की रोकथाम के लिए तीन माह का एक्शन प्लान लागू करने के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। डीजीपी अभिनव कुमार ने बुधवार को पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर राज्य समस्त पुलिस अधीक्षकों एवं उच्चाधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की है। डीजीपी ने अपराध एवं कानून व्यवस्था, महिलाओं और बाल अपराध, यातायात व्यवस्था, साइबर अपराध और ड्रग्स की रोकथाम के संबंध में समीक्षा के लिए पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने उच्चाधिकारियों को तीन माह के भीतर कार्ययोजना को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। डीजीपी ने यातायात निदेशक अरुण मोहन जोशी को यातायात प्रबंधन के संबंध में दिशा निर्देश दिए। यातायात ड्यूटी अधिक से अधिक कर्मियों की लगाई जा जाये। सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों पर उनकी नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मुख्य राजमार्गों पर कट और इन पर गलत साइड से वाहन ले जाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश भी डीजीपी ने दिए। वहीं मीडिया से वार्ता के दौश्रान डीजीपी अभिनव कुमार ने प्रदेश में बढ़ती अपराधिक घटनाओं के साथ बलात्कार और हत्याकांड की घटनाओं को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा के साथ उत्तराखंड में कानून एवं शाति व्यवस्था बनाने के लिए हो रही कार्यवाही में निरंतर पुलिस महकमा निरंतर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद राज्य के सभी जनपदों में पुलिस अधीक्षकों को अपराधियों पर अंकुश लगाने एवं त्वरित कार्यवाही के लिए निष्पक्ष एवं सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने कहा कि दुस्साहसिक वारदातों में शामिल बाहरी राज्यों के अपराधियों कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। डीजीपी ने उत्तराखंड पुलिस अधीक्षकों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा है कि पीड़ितों को थाने और चौकियों के चक्कर कटवाने की प्रवृति बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पीड़ितों की शिकायतों को दर्ज करने से ही अपराधों की रोकथाम लगायी जा सकती है। डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि आपराधिक घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर खुलासा करने में लापरवाही बरतने वाले सीओ और एसओ के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही अब वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की जाएगी। उन्होंने चोरी, वाहन चोरी, चेन लूट, डकैती आदि की घटनाओं का 90 फीसदी खुलासा और चोरी की संपत्ति की बरामदगी 70 फीसदी से अधिक रखने के निर्देश दिए। डीजीपी ने पुलिस प्रशासन के लिए तैयार की गई एसओपी के अनुसार कार्यवाही अमल में लाने के दियाा निर्देश दिये है। एसओपी के अनुसार तीन वर्षों की अवधि में वाहन चोरी के आरोप में जेल गए आरोपियों की लगातार निगरानी की जाए। वाहन चोरी के प्रभावित क्षेत्रों को चिह्नित किया जाए। हत्या, लूट, डकैती, वाहन चोरी आदि अपराधों की समीक्षा करते हुए बरामदगी और निरोधात्मक कार्रवाई करने के लिए एक्शन प्लान बनाया जाए। राजमार्ग पर जुलूस, धरना प्रदर्शन के दौरान आम जनता को यदि परेशानी होती है तो संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। अंतरजातीय व अंतरधार्मिक विवाद संबंधी प्रकरणों में समय से मुकदमा दर्ज करें। ध्यान इस बात का रखें कि कोई बेकसूर जेल न जाए। राज्य की विभिन्न परियोजनाओं में बाहर से आए दैनिक मजदूरों की पृष्ठभूमि की जानकारी अवश्य करें। इनामी बदमाशों की धरपकड़ को चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा करें। साइबर अपराध से निपटने के लिए प्रशिक्षित निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि विवेचना तेजी से हो। महिला एवं बाल अपराध रोकने के लिए डीजीपी ने अधिकारियों को एक एजुकेशन मॉडल बनाने के निर्देश दिए। ताकि, महिलाओं और बच्चों को उनके प्रति होने वाले अपराधों से जागरूक किया जा सके। पॉक्सो एक्ट व बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में तत्काल कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। पीड़िताओं की मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग की कराई जाए। सीओ स्तर के अधिकारी लगातार पीड़िताओं से संवाद स्थापित करें। डीजीपी ने कहा कि उत्तराखंड को ड्रग्स मुक्त बनाने के लिए बड़े स्तर पर कार्रवाई की आवश्यकता है। इसके लिए बड़े तस्करों को चिह्नित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। एनसीबी से सेटेलाइट डाटा लेकर अफीम व चरस की खेती को नष्ट किया जाए। सिंथेटिक ड्रग्स की युवाओं को लत न पड़े इसके लिए भी प्रबंध किए जाएं। बरामद ड्रग्स का विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं में परीक्षण कराने के बाद उनमें सिंथेटिक ड्रग्स की मात्रा का पता करें। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई करें।





# सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

गदरपुर(उद संवाददाता)अनहद ग्रुप ऑफ इंड्रस्ट्रीज के सभागार में इंड्रस्ट्रीज के एमडी रोहित हुड़िया (लवली) की अध्यक्षता में भाजपा सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय के विचारों से प्रभावित होते हुए उनके नेतृत्व में 500 से अधिक लोगो ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक पांडेय के पहुँचने पर जोरदार नारे लगाते हुए पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने बताया कि बीते 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी का प्रथम सदस्य बन कर राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया है।जिसके बाद देश भर में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले देश प्रेमियों की लहर दौड़ गई है।उन्होंने कहा वो दिन दूर नही जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और सफल निर्देशन में भारत देश विश्व गुरु बन जायेगा।उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियां और जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगो को अवगत कराते हुए घर घर भाजपा की रितिनितियो को पहुचाने का आवाहन किया।कार्यक्रम के दौरान वरिष्ट भाजपा नेता अशोक हुड़िया,संतोष गुप्ता, राजीव पपनेजा सहित आदि वक्ताओं ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। अनहद ग्रुप के एम डी रोहित हुड़िया (लवली) ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों एवं कार्यक्रम में आए भाजपा कार्यकर्ताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश भुड्डी बंटी एवं प्लांट हेड नरेश अरोरा द्वारा किया गया। इस दौरान गौरव मदान, विशाल रस्तोगी,राजीव पपनेजा, डिम्पल आहूजा,रवि पाल, राजेश सक्सेना, प्रवीन सिंह,जुगनू हुड़िया, शिव शर्मा, सोनू राजपूत, योगेश वर्मा, विशाल सिंह, लालजी यादव, कोमल, राजकुमार, अमन बत्रा, जगमोहन,मुकेश राजभर, पुरन, सुखविंदर, बबली, भावना, सिमरन, मीरा, सोनाली, नूपुर, शीतल ,सुनील आर्य, हेमराम, ज्ञानचंद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।





# गणपति विसर्जन के दौरान गौला में बहा युवक, जल पुलिस ने बचाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गणपति विसर्जन के दौरान एक युवक गौला नदी में बह गया। इससे मौके पर हड़कम्प मच गया। आनन फानन में जल पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाया और युवक को सकुशल बचा लिया। जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम काठगोदाम रानीबाग में गणपति विसर्जन के दौरान 45 वर्षीय वेद प्रकाश पुत्र बसंत लाल निवासी नई बस्ती कब्रिस्तान थाना बनभूलपुरा गौला नदी में बह गया। युवक को बहता देख मौके पर हड़कम्प मच गया। इस दौरान वहां ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस के हेड कांस्टेबल प्रताप गड़िया ने त्वरित रेस्क्यू कर युवक को सकुशल नदी से बाहर निकाल लिया। युवक के सकुशल नदी से निकाले जाने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और परिजनों तथा साथियों ने नैनीताल जल पुलिस के जवान का आभार व्यक्त किया। वहीं पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से गणपति विसर्जन के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है।

# विधायक बेहड़ और पाण्डे ने जाना संजय ठुकराल का हाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के भाई एवं समाजसेवी संजय ठुकराल बुधवार सुबह घर पर अचानक गिरने से से घायल हो गये। जिस पर उन्हें संजीवनी हॉस्पिटल भर्ती कराया गया। संजय की नाक की हड्डी में फैक्चर हुआ है। संजय ठुकराल के घायल होने का समाचार मिलते ही तमाम राजनैतिक और सामाजिक लोगों ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। किच्छा के विधायक एवं पूर्व मंत्री तिलक राज बेहड़ , गदरपुर विधायक पूर्व मंत्री अरविंद पांडे,





निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा सहित तमाम राजनैतिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े गणमान्य लोगों ने संजय ठुकराल का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वहीं विख्यात भजन गायक कन्हैया मित्तल ने फोन पर संजय ठुकराल का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।


